आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

सोमवार 09.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ तेजी से बड़े पैमाने पर आधारभूत बदलाव ला रही है।
- उत्तराखण्ड के लोक साहित्य को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के पुरोला में 210 करोड़ रुपये की लागत की 55 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध, चम्पावत जिले के गुरुद्वारा रीठा साहिब में सालाना जोड़ मेला शुरू।

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बड़े पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

<u>मुख्यमंत्री बैठक</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की बोलियों, लोक कथाओं, लोकगीतों और साहित्य के डिजिटलीकरण के लिए ई—लाइब्रेरी बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक कथाओं पर आधारित संकलन बढ़ाने के साथ ही इन पर ऑडियो विजुअल भी बनाये जाएं। साथ ही स्कूलों में सप्ताह में एक बार स्थानीय बोली भाषा पर भाषण, निबंध और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की साधारण सभा एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की बोलियों का एक भाषाई मानचित्र बनाया जाए। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि भेंट स्वरूप बुके के बदले बुक के प्रचलन का राज्य में बढ़ावा दिया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान की राशि पांच लाख से बढ़ाकर पांच लाख 51 हजार रुपए की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान भी दिया जायेगा, जिसकी सम्मान राशि पांच लाख रूपये होगी। इसके अलावा राजभाषा हिन्दी के प्रति युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कलमकार प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बैठक में राज्य के दूरस्थ स्थानों तक सचल पुस्तकालयों की व्यवस्था कराने के साथ ही पाठकों के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें और साहित्य उपलब्ध कराने के लिए बड़े प्रकाशकों का सहयोग लेने पर सहमति बनी।

भाषा संस्थान लोक भाषाओं के प्रति बच्चों की रूचि बढ़ाने के लिए छोटे—छोटे वीडियो तैयार कर स्थानीय बोलियों का बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जौनसार बावर क्षेत्र में पौराणिक काल से प्रचलित पंडवाणी गायन 'बाकणा' को संरक्षित करने के लिए इसका अभिलेखीकरण किया जायेगा। राज्य में प्रकृति के बीच साहित्य सृजन, साहित्यकारों के मध्य गोष्ठी, चर्चा—परिचर्चा के लिए दो साहित्य ग्राम बनाये जायेंगे।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में कृषि विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाले एग्री मित्रा उत्तराखण्ड महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने बताया कि यह महोत्सव 14 और 15 जून को देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित जसवंत ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले किसान, एफपीओ, कृषि स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, कृषि वैज्ञानिक, सहकारी समितियाँ और स्वयं सहायता समूह और कृषि विश्वविद्यालयों के छात्र छात्राएं सहित कई प्रदेशों के कृषि मंत्री भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि यह महोत्सव किसानों को नए विचारों, तकनीकों और नेटवर्किंग का बेहतर मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो राज्य की कृषि को आर्थिक रूप से समृद्ध और टिकाऊ बना सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में किसानों को इस महोत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

## पुलिस समीक्षा चमोली

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम इस वर्ष चमोली जिले के भराड़ीसैण स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। आगामी 21 जून को होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित लगभग 10 देशों के राजदूतों की सहभागिता भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम स्थल की संवेदनशीलता और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के मद्देनजर, सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद बनाए रखने के लिए आज चमोली के पुलिस अधीक्षक, सर्वेश पंवार ने जिले के राजपत्रित और संबंधित अधिकारियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी जिले के पुरोला में 210 करोड़ रुपये की लागत की 55 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने मातृशक्ति द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इसके लिए न केवल मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, बल्कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेज़ी से काम किया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रूप में 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिनसे करोड़ों लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी दर में पांच गुना से अधिक की कमी आई है और 11 साल में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

## जोड़ मेला चम्पावत

मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध चम्पावत जिले के गुरुद्वारा रीठा साहिब में सालाना जोड़ मेला आज से शुरू हो गया है। इस अवसर पर विभिन्न प्रान्तों से आये ग्रन्थियों ने गुरुग्रंथ साहब की अखण्ड पाठ की लड़ी पढ़ी और सबद–कीर्तन का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले का उद्घघाटन उपजिलाधिकारी नितेश डांगर ने किया। उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, ठहरने, स्वच्छता आदि की उचित व्यवस्था की गई हैं।

गुरुद्वारा कमेटी के सचिव अजित पाल सिंह ने बताया कि इस पावन स्थान पर 14वीं शताब्दी के दौरान गुरू नानक देव जगत फेरी पर अपने शिष्य मर्दाना के साथ यहां पहुंचे। जब गुरु और शिष्य एक पेड़ के नीचे बैठे थे, तो मर्दाना को भूख लग गयी। नानक देव ने पेड़ की ओर इशारा किया और पेड़ पर कड़वे रीठे के फल तोड़ खाये, तो वे मीठे होने लगे, जिससे उन्होंने अपनी भूख शांत की। इसी मान्यता के चलते यहाँ पर गुरुद्वारे

की स्थापना की गयी और हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर यहाँ जोड़ मेले का आयोजन किया जाता हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्र सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ–2025 के तहत प्रदेश में व्यापक स्तर पर किसानों को जागरूक करने की पहल की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत कल 10 जून को पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल ब्लॉक और 11 जून को देवराड़ी देवी पौखड़ा में खंड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, किसानों को कृषि संबंधित योजनाओं, नई कृषि तकनीकों, बीजों की उन्नत किस्मों, नवाचार, जल प्रबंधन, जैविक खेती और बाजार संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसके अलावा अधिकारियों के साथ विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा भी की जाएगी।

योग सत्र हरिद्वार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार में विशेष योग सत्र, आयुर्वेद विभाग व भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 40वीं वाहिनी पीएसी की कमांडेंट तृप्ति भट्ट ने कहा कि योग को दीर्घकालिक अभ्यास बनाकर ही मन, शरीर और आत्मा की सम–रसता संभव है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. स्वास्तिक सुरेश  ने योग को आत्मिक उन्नयन व सामाजिक सद्भाव का माध्यम बताया। भारतीय योग संस्थान के प्रभारी सुरेश भट्ट और प्रभा शर्मा ने योग के सामाजिक और आत्मिक पक्षों पर प्रकाश डाला।

अंतरिक्ष यात्रा

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कल शाम स्पेसएक्स के एक्सिअम फोर से अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू करेंगे। वे दो सप्ताह तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में रहेंगे। उनकी यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगी। शुभांशु शुक्ला की यात्रा अमरीका के फ्लोरिडा में केनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से कल भारतीय समय अनुसार शाम पांच बजकर 52 मिनट से शुरू होगी। श्री शुक्ला को 2020 में इस मिशन के लिए चुना गया था, जिसके बाद उन्होंने विभिन्न अंतरिक्ष केन्द्रों में कठिन प्रशिक्षण लिये। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र की यात्रा के लिए वह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।